इलेक्ट्रॉनिक रूप से चोरी हुए भोजन और नकद सहायता लाभ का प्रतिस्थापन

जो परिवार पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (Supplemental Nutrition Assistance Program, SNAP) खाद्य सहायता, जरूरतमंद परिवारों के लिए अस्थायी सहायता (Temporary Assistance for Needy Families, TANF) और सामान्य सहायता (General Assistance, GA) नकद सहायता कार्यक्रमों में भाग लेते हैं, वे 1 जुलाई, 2023 के बाद इलेक्ट्रॉनिक रूप से चोरी हुए लाभों की प्रतिपूर्ति के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

कार्डधारकों के पास अनुरोध सबमिट करने के लिए चोरी का पता चलने की तारीख से 30 दिन का समय होगा।

**** भविष्य में अपने लाभों की सुरक्षा के लिए तुरंत अपने Families First कार्ड का नया PIN बनाना या उसे बदलना सुनिश्चित करें।

प्रतिस्थापन के लिए अनुरोध का फॉर्म www.NJSNAP.gov पर या अपने काउंटी सामाजिक सेवा बोर्ड से संपर्क करके प्राप्त किया जा सकता है।

लाभों की इलेक्ट्रॉनिक रूप से चोरी निम्नलिखित तरीकों से हो सकती है:



स्किमिंग का अर्थ है इलेक्ट्रॉनिक लाभ स्थानांतरण (Electronic Benefits Transfer, EBT) कार्ड की जानकारी या PIN चुराने के लिए अवैध रूप से किसी उपकरण को पॉइंट-ऑफ-सेल मशीन से जोड़ना।



क्लोनिंग का अर्थ है चोरी किए गए EBT कार्ड की जानकारी को एक नए कार्ड में कॉपी करना।



स्कैमिंग या **फिशिंग** का अर्थ है किसी को उनके EBT कार्ड की जानकारी का खुलासा करने के लिए राजी करना, अक्सर फोन कॉल या टेक्स्ट संदेश के माध्यम से जो किसी आधिकारिक सरकारी एजेंसी से होने का दिखावा करता है।

यह संस्थान समान अवसर प्रदान करता है।

New Jersey राज्य
Phil Murphy, राज्यपाल | Tahesha L. Way, उपराज्यपाल

HUMAN SERVICES
मानव सेवा विभाग
Sarah Adelman, आयुक्त